<u>भारतीय प्रसारण निगम</u>

<u>आकाशवाणी केन्द्र शिमला</u>

**23.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे**

**<u>पीएम–जी–20</u>**

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के पहले दिन प्रधानमंत्री ने विश्व के विकास के उद्देश्य से छह नई पहलों का प्रस्ताव रखा। दो सत्रों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, ये पहल सभी के लिए विकास, प्रगति और कल्याण के लिए भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि इन पहलों से चहुमुखी विकास को हासिल करने में सहायता मिलेगी। ये शिखर सम्मेलन आज संपन्न हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र में भाग लेंगे। इसका विषय सभी के लिए एक निष्पक्ष और न्यायपूर्ण भविष्य – महत्वपूर्ण खनिज, सभ्य कार्य और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस है।

..............................................

<u>विनय कुमार</u>

विधानसभा उपाध्यक्ष और रेणुका जी से विधायक विनय कुमार हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष बन गए है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन्हें हिमाचल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। इससे पहले विनय कुमार ने विधानसभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया जिसे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने स्वीकार कर लिया। अधिक जानकारी के साथ हमारे जिला शिमला संवाद्दाता ................................

*<u>विनय कुमार ने शनिवार को विधानसभा उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, जिसे स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने मंजूर भी कर लिया। इसके कुछ देर बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें हिमाचल का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। हालांकि, विनय कुमार विधायक के पद पर बने रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष पद को लेकर उनका नाम चल रहा था। विनय कुमार तीन बार के विधायक है। साल 2022 में निरंतर तीसरी बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। विनय से पहले उनके पिता ड्रॉ. प्रेम सिंह छह बार विधायक रह चुके हैं। कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से नए अध्यक्ष को लेकर अटकलों का दौर चल रहा है लेकिन अब तक किसी का भी नाम फाइनल नहीं हो पाया था।</u>*

..............................................

<u>मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 नवबंर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 128वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

..............................................

**मंत्रीमंडल बैठक**

प्रदेश मंत्रीमंडल की बैठक कल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में आगामी 26 नवबंर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र व इसमें लाए जाने वाले विधेयकों पर कैबीनेट मंजूरी देगी। इसके अलावा बैठक में सरकार के तीन साल के कार्यकाल को लेकर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को मंजूरी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते है।

..............................................

**चुनाव सामग्री**

राज्य चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को चुनाव सामग्री लेने के लिए नया शैडयूल जारी कर दिया है। आयोग ने सभी 12 जिलों में चुनाव सामग्री लेने के लिए तिथियां निर्धारित की है। अधिक जानकारी के साथ हमारी सहयोगी कौशल्या शर्मा......................35'........

***राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव सामग्री लेने के लिए किन्नौर और कुल्लू जिला के लिए कल 24 नवबंर, सिरमौर और ऊना जिला के लिए 25 नवंबर, शिमला जिला को 26, कांगड़ा को 27, मंडी को 28, सोलन व चंबा को 29 जबकि बिलासुपर व हमीरपुर जिले के लिए एक दिसबंर की तिथि जारी की है। चुनाव आयोग ने चुनाव सामग्री ले जाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। आयोग ने कहा है कि खासकर बैलेट पेपर को सरकारी वाहनों में सशस्त्र पुलिस की सुरक्षा साथ ले जाने और चुनाव होने तक कड़ी सुरक्षा में रखने के निर्देश दिए हैं।***

..............................................

**अवकाश**

ऊना उपमंडल में कल 24 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरू तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर ये अधिसूचना जारी की है।

..............................................

**निशुल्क कोचिंग**

किन्नौर जिला में सरकारी विद्यालयों के मेधावी छात्रों के लिए निशुल्क कोचिंग कक्षाएं शुरू की गई है। प्राथमिक शिक्षक संघ कल्पा खंड के सहयोग से शुरू हुई इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए नई शिक्षा नीति के तहत मार्गदर्शन उपलब्ध करवाना है। अधिक ब्योरे के साथ हमारी किन्नौर संवाद्दाता..............................

***जिला किन्नौर में सरकारी विद्यालयों क मधावी और इच्छुक विद्यार्थियों क लिए निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं की शुरु त कर दी गई है। पी.टी.एफ. कल्पा खंड क सहयोग स शुरू हुई इस पहल का शुभारंभ रिकांग पिओ क राजकीय प्राथमिक पाठशाला में उच्च शिक्षा उपनिदशक कुलदीप डोगरा और प्राथमिक शिक्षा उपनिदशक अरुण गौतम न किया। यह कोचिंग कक्षा 5 क विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालयए ईएम रएसए सैनिक स्कूल और मिडिल मरिट छात्रवृत्ति जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं क लिए तैयार करगी। र्थिक रूप स कमजोर बच्चों क लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन कृ दोनों माध्यमों में निःशुल्क मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।***

..................................................